पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी का बिहार के राज्यपाल ने किया अवलोकन

प्रदर्शनी में आज दूसरे दिन भारी संख्या में दिन भर आते रहे दर्शनार्थी

प्रदर्शनी के साथ–साथ राजभवन के विभिन्न उद्यानों, भवनों में भी रूचि के साथ भ्रमण करते रहे लोग

लखनऊ : 18 फरवरी, 2024

राजभवन प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में आज दूसरे दिन राजभवन के सम्मानित अतिथि और बिहार राज्य के माननीय राज्यपाल, श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रदर्शित पुष्प आकृतियों और विविध प्रदर्शों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन भी किया। आज दिन भर प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु भारी संख्या में दर्शनार्थी राजभवन आते रहे। दर्शनार्थियों की रूचि प्रदर्शनी के साथ–साथ राजभवन परिसर के विभिन्न उद्यानों, भवनों तथा अन्य कलात्मक निर्माणों में भी रही। दर्शनार्थियों में राजभवन के अंदर सेल्फी, परिजनों के साथ फोटो खिंचाने का गहरा आकर्षण, ललक भी दिखाई दे रही थी।

राजभवन प्रांगण में दिनांक 17.02.2024 से चल रही प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में सजीव एवं ताजे फूलों से बनी विभिन्न आकृतियों का भी प्रदर्शन किया गया है, जिसमें शंख, राम दरबार, गरूड़, अशोक वाटिका, जामवंत जी सहित अनेकों विभिन्न आकृतियां प्रदर्शनी के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहे। प्रदर्शनी में पॉलीहाउस एवं गमलों में उत्पादित विभिन्न प्रकार की सब्जियों के साथ–साथ विशिष्ट फलों, मशरूम, शहद, पान के पत्तों तथा फोटोग्राफी की प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया है। प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी प्रदर्शनी में उच्च–कोटि के फल, शाकभाजी एवं रंग–बिरंगे पुष्पों के साथ ही साथ इनसे निर्मित प्रसंस्कृत पदार्थों से सम्बन्धित प्रदर्श, प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आये प्रतियोगियों द्वारा प्रदर्शित किये गये हैं।

प्रदर्शनी में उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग द्वारा नियमित रूप से तकनीकी सत्र का आयोजन भी किया गया है, जिसमें प्रदर्शनी का अवलोकन करने आये कृषकों/आगंतुको को विभागीय विशेषज्ञों तथा विभिन्न कृषि विद्यालयों से आये कृषि वैज्ञानिकों द्वारा पालीहाउस में सब्जी उत्पादन, शहद उत्पादन, हाइड्रोपोनिक्स, मशरूम उत्पादन, छत एवं गमलों में सब्जी उत्पादन तथा हाईटेक नर्सरी में सब्जी उत्पादन सम्बंध में जानकारी के साथ ही विभिन्न बागवानी फसलों के साहित्य निःशुल्क वितरित किये जा रहे हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न कारागारों द्वारा उत्पादित शाकभाजियों, गमलों में लगे विभिन्न रंगों के

मौसमी फूल जैसे– पेंजी, पिटूनिया, सिनरेरिया, पालीएन्थस, रोडैन्थी, स्वीट विलियम, स्वीट एलाइजम, स्टाक, स्टेसिस, फ्लाक्स, वाल फ्लावर, कार्न फ्लावर, एस्टर, गेंदा, वोगनवेलिया, गुलाब एवं डहेलिया आदि के साथ ही विशेष रूप से गमलों एवं थालियों पर लगे कैक्टस, सकुलेन्ट्स, फलदार पौधे तथा शोभाकार पौधों की बोनसाई भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गयी है। प्रदर्शनी के अन्तर्गत निर्यात किये जाने वाले पुष्पों जैसे– लिलियम, कारनेशन, ट्यूलिप तथा जरबेरा आदि प्रदर्शों की प्रतियोगिताएं आयोजित करके प्रदर्शनी को और अधिक आकर्षक रूप प्रदान किया गया है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की शाकभाजी विशेष कर उन्नतिशील एवं संकर जैविक शाकभाजी की प्रतियोगितायें भी आयोजित की गई हैं। कलात्मक पुष्प सज्जा वर्ग में विभिन्न फूलों एवं शाकभाजी से बने सुरूचि पूर्ण माडल प्रदर्शित किये गये हैं। इस वर्ग में अश्वगन्धा, पुर्ननवा, एलोवेरा, अस्थि श्रृंखला (हड़जोड़), सुदर्शन, तुलसी, स्टीविया, सतावर, इलायची व मेन्था आदि सम्मिलित की गई है। प्रदर्शनी परिसर में नैसर्गिक सुरम्य वातावरण के साथ–साथ आगन्तुकों के लिए फूडजोन एवं निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था प्रदर्शनी आयोजकों द्वारा की गई है। गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी अगन्तुकों के मध्य राजभवन उद्यान में पंचतंत्र वाटिका, धनवंतरी वाटिका, कमलताल, चिड़िया घर व नवनिर्मित नौग्रह/नक्षत्र वाटिका विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं।

इस वर्ष भी सर्वाधिक अंक विजेता प्रतिभागी को (व्यक्तिगत वर्ग के लिए) तीन स्तर तक क्रमशः धनराशि रु. 51,000/–, रु. 31,000/– एवं रु. 11,000/– तथा प्रदर्शनी का सर्वोत्तम प्रदर्श विजेता का पुरस्कार धनराशि रु. 11,000/– निर्धारित किया गया है। यह प्रदर्शनी प्रदेश की सबसे बडी फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी है। विभिन्न वर्गो की प्रतियोगिताओं का परिणाम दिनांक 19 फरवरी, 2024 को घोषित किया जायेगा एवं विजेताओं को उसी दिन सायं 5.00 बजे मा0राज्यपाल महोदया उ0प्र0 द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361